जनपद हमीरपुर

दिनांक -20.06.2026

माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं जनसभा स्थल का निरीक्षण, अधिकारियों/कर्मचारियों को किया गया ब्रीफ।

माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जनपद हमीरपुर में प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत आज दिनांक 20.06.2026 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना राठ क्षेत्र स्थित ब्रह्मानन्द डिग्री कॉलेज मैदान का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जनसभा स्थल, वीआईपी आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा घेरा, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन चिकित्सा एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं सहित कार्यक्रम स्थल पर की जा रही समस्त तैयारियों का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक व्यवस्था का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही कार्यक्रम से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में ड्यूटी पर नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए उनके दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों से अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर समय से उपस्थित रहकर पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं समन्वय के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाए रखें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।